# RAIDEEP INDUSTRIES LIMITED

Regd. Off: C-193 A, Phase VI, Focal Point, Ludhiana Punjab-141010, Ph no. : +91-161-2676893, 9814973250, Website: www.raideepindustries.com, Email id: raitex3@gmail.com,
CIN: L18101PB1995PLC017415

**Date: 30.05.2026**

The Head-Listing Compliance
**The Calcutta Stock Exchange Ltd.**
7, Lyons Range, Murgighata,
BBD Bagh, Kolkata
West Bengal – 700001

**Scrip Code: 028396**

The Head Listing Compliance
**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai-400001

**Security code: 540270**

**Sub:** ***Intimation under Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015-Newspaper Publication***

Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirement) Regulation, 2015 please find attached herewith Newspaper Advertisement w.r.t. Audited Standalone & Consolidated Financial Results (for the quarter and year ended 31st March, 2026) approved at the Board meeting of the Company which was held on Thursday, 28th Day of May, 2026 (commenced at 03:00 P.M. and concluded at 7:24 P.M.), published in leading English Newspaper (Business Standard) and in Regional Language (Hindi) Newspaper (Business Standard Hindi Edition) on 30th May, 2026.

Kindly take the above information on your records.

Yours Faithfully,

**For Raideep Industries Limited**

Ekta Seksaria
Digitally signed by Ekta Seksaria
Date: 2026.05.30 20:14:31 +05'30'

**Ekta Seksaria**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Mem. No.: A45726**

**Place: Ludhiana**

## संक्षेप में

### सीएमआर ग्रीन का आईपीओ 3 जून को

अलौह धातु रीसाइक्ल कंपनी सीएमआर ग्रीन टेक्नॉलजीज का 630 करोड़ रुपये का आईपीओ 3 जून को खुलेगा और 5 जून को बंद होगा। यह निर्गम पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) है। इसका कीमत दायरा 182-192 रुपये प्रति शेयर के बीच है। ऊपरी कीमत दायरे से कंपनी का मूल्यांकन लगभग 4,206 करोड़ रुपये है। प्रमोटरों ने ऑफर का आकार घटाकर 3.286 करोड़ शेयर कर दिया है, जबकि दस्तावेज में 4.29 करोड़ शेयरों का प्रस्ताव था। *बीएस*

### कोल इंडिया की रिटेल श्रेणी 1.5 गुना सबस्क्राइब

संस्थागत निवेशकों की जबरदस्त मांग के बाद कोल इंडिया के ओएफएस की रिटेल बुक शुक्रवार को लगभग 1.5 गुना सबस्क्राइब हुई। इस ओएफएस को 1.232 करोड़ शेयरों की पेशकश के मुकाबले 1.84 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। ओएफएस की संस्थागत निवेशक श्रेणी को बुधवार को लगभग 4 गुना बोलियां मिली थीं। शेयरों की बिक्री के लिए कीमत 412 रुपये तय की गई थी, जबकि पिछला बंद भाव 457.6 रुपये था। इस बिक्री पेशकश के जरिये केंद्र सरकार 5,000 करोड़ रुपये से कुछ ज्यादा रकम जुटाएगी। *बीएस*

### कोटक एमएफ ने इंडेक्स फंड पेश किया

कोटक महिंद्रा ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी ने 'कोटक निफ्टी अल्फा लो-वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स फंड' उतारा है। यह एक ओपन-एंडेड स्कीम है जो निफ्टी अल्फा लो-वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स को ट्रैक करेगी। नए फंड ऑफर (एनएफओ) के लिए सब्सक्रिप्शन 29 मई को शुरू होगा और 12 जून को बंद हो जाएगा। इस फंड का संबंधित इंडेक्स 30 शेयर पर आधारित है, जिसे अल्फा और लो-वोलैटिलिटी फैक्टरों के कॉम्बिनेशन के आधार पर चुना गया है। *बीएस*

### उप्र में टाटा पावर सोलर रूफटॉप का अभियान

टाटा पावर की अनुषंगी कंपनी 'टाटा पावर सोलर रूफटॉप' ने उत्तर प्रदेश में छतों पर सौर ऊर्जा प्रणाली लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक अभियान की शुरुआत की। इस पहल का मकसद राज्य भर के घरों में हर समय स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। कंपनी ने लखनऊ में एकीकृत बैटरी ऊर्जा भंडारण समाधान प्रदाता 'टाटा पावर बैटरी स्टोरेज' के साथ मिलकर इस 'घर घर सोलर' अभियान को पेश किया। कंपनी के बयान के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं की बिजली की बढ़ती जरूरतों को किफायती और टिकाऊ तरीके से पूरा करने में मदद करना है। *भाषा*

# इंडिगो को 2,537 करोड़ रु. घाटा

## विदेशी मुद्रा में नुकसान, महंगा एटीएफ और उड़ाने रद्द होने की वजह से घाटे में आई एयरलाइन

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 29 मई




इंडिगो एयरलाइन ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 2,536.9 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध घाटा दर्ज किया। यह घाटा विदेशी मुद्रा में भारी नुकसान, विमानन ईंधन (एटीएफ) की बढ़ी हुई कीमतों और पश्चिम एशिया की लड़ाई के कारण उड़ानें रद्द होने से हुआ। एयरलाइन ने पिछले साल की इसी अवधि में 3,067.5 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

इंडिगो ने बताया कि चौथी तिमाही के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया करीब 5 प्रतिशत तक तेजी से कमजोर हुआ। इस कारण उसे लगभग 4,820 करोड़ रुपये का विदेशी मुद्रा घाटा हुआ। इंडिगो के मुख्य वित्तीय अधिकारी गौरव नेगी ने एनालिस्ट कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान कहा, 'विदेशी मुद्रा घाटा मुख्य रूप से 'मार्क-टू-मार्केट' नुकसान है।' उन्होंने बताया कि यह विदेशी मुद्रा घाटा मुख्य रूप से विमानों की लीज और रखरखाव से जुड़ी उन देनदारियों से संबंधित है, जिनका भुगतान 8-10 साल में किया जाना है।

नेगी ने कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण एयरलाइन को परिचालन, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती करनी पड़ी। उन्होंने कहा, 'हमारी रोजाना लगभग 160 उड़ानें थीं, जो पश्चिम एशिया और यूरोप तक जाती थीं। जब संकट आया, तो इनमें से ज्यादातर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।'

नेगी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विमानन ईंधन की बेंचमार्क कीमतों में 50 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। सरकार और तेल विपणन कंपनियों के सहयोग के कारण घरेलू एटीएफ की कीमतों में लगभग 25-30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, वहीं इंडिगो ने कहा कि वह ईंधन की लागत में हुई इस बढ़ोतरी का पूरा बोझ यात्रियों पर नहीं डाल सकी।

चौथी तिमाही में, इंडिगो का कुल खर्च सालाना आधार पर 30.1 प्रतिशत बढ़कर 25,932.5 करोड़ रुपये हो गया, जबकि उसकी कुल आय सालाना आधार पर केवल 3.2 प्रतिशत बढ़कर 23,830.7 करोड़ रुपये रही।

# एशियन पेंट्स का लाभ 69.3% बढ़ा

शार्लीन डिसूजा
मुंबई, 29 मई

**एशियन** पेंट्स का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 69.3 प्रतिशत बढ़कर 1,172.1 करोड़ रुपये हो गया। इस बढ़ोतरी की वजह पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 183 करोड़ रुपये की असाधारण राशि शामिल होना थी। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि डेकोरेटिव के कारोबार (भारत) में तिमाही के दौरान 12.4 प्रतिशत की जोरदार बिक्री वृद्धि और 10.2 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि दर्ज की गई।

देश की सबसे बड़े पेंट विनिर्माता ने पिछले वर्ष की तुलना में 10.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 9,246.7 करोड़ रुपये की शुद्ध बिक्री दर्ज की। श्रीलंका, मिस्र और यूएई की इकाइयों के बल पर अंतरराष्ट्रीय बिक्री 11 प्रतिशत तक बढ़कर 888.1 करोड़ रुपये हो गई। ब्याज, मूल्यह्रास और कर से पहले का लाभ 44.1 प्रतिशत बढ़कर 1,983.2 करोड़ रुपये रहा।

कंपनी ने कहा कि उसके औद्योगिक कोटिंग्स कारोबार में जोरदार वृद्धि ने समूचे कोटिंग्स कारोबार को बढ़ावा दिया। इससे बिक्री में 12.7 प्रतिशत तक और मूल्य वृद्धि में 11 फीसदी का इजाफा हुआ।

एशियन पेंट्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिंगले ने आय परिणामों की विज्ञप्ति में कहा, 'वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही का प्रदर्शन हर लिहाज से बेहतर रहा। इस दौरान दो अंकों में बिक्री और मूल्य वृद्धि तथा मार्जिन विस्तार देखा गया।'

उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय पोर्टफोलियो चुनिंदा बाजारों में अस्थिरता के बावजूद बेहतर लाभ के साथ लगातार जोरदार वृद्धि दर्ज करता रहा। हालांकि होम डेकोर कारोबार धीमा रहा, लेकिन देश भर के 20 राज्यों में फैले हमारे ब्यूटीफुल होम्स स्टोर नेटवर्क के जरिये मांग जारी रही।'

उन्होंने बताया कि समूचे कारोबारी स्तर पर लागत अनुशासन के जरिये मार्जिन में सुधार हुआ। इसे सामग्री की कीमतों में कमी और परिचालन दक्षता से मदद मिली, हालांकि पेंट क्षेत्र की दिग्गज ने दीर्घकालिक विकास चालकों में निवेश जारी रखा।

### हैपिएस्ट माइंड्स टेक्नॉलजीज का एकीकृत शुद्ध लाभ 79.9 प्रतिशत बढ़ा

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी हैपिएस्ट माइंड्स टेक्नॉलजीज का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 79.9 प्रतिशत बढ़कर 61.17 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 34 करोड़ रुपये था। हैपिएस्ट माइंड्स टेक्नॉलजीज ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 10.9 प्रतिशत बढ़कर 604.08 करोड़ रुपये रही, जो 2024-25 की समान तिमाही में 544.57 करोड़ रुपये थी। तिमाही आधार पर कंपनी का लाभ 51.7 प्रतिशत और राजस्व 2.8 प्रतिशत बढ़ा। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ करीब 15 प्रतिशत बढ़कर 212.62 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 184.66 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन वित्त वर्ष में कंपनी की आय 12.3 प्रतिशत बढ़कर 2,315.11 करोड़ रुपये रही। *भाषा*

### के2 इन्फ्राजेन का मुनाफा 14.46 प्रतिशत बढ़कर 13.32 करोड़ रुपये हुआ

बुनियादी ढांचा और इंजीनियरिंग क्षेत्र की कंपनी के2 इन्फ्राजेन लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 में शुद्ध लाभ 14.46 प्रतिशत बढ़कर 13.32 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में 11.64 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। के2 इन्फ्राजेन ने शुक्रवार को नैशनल स्टॉक एक्सचेंज को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन वित्त वर्ष में कंपनी की परिचालन आय 25.96 प्रतिशत बढ़कर 184.67 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 146.61 करोड़ रुपये था। वहीं, अन्य आय समेत कंपनी की कुल आय 27.19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 188.92 करोड़ रुपये हो गई। के2 इन्फ्राजेन लिमिटेड के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक पंकज शर्मा ने कहा, '2025-26 कंपनी के लिए मजबूत वृद्धि वाला वर्ष रहा। मजबूत ऑर्डर बुक, बेहतर नकदी प्रवाह और विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते कामकाज के कारण कंपनी की वृद्धि को मजबूती मिली है।' उन्होंने कहा, 'ऊर्जा, पारेषण एवं वितरण, रेलवे, सड़क और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में लगातार नई परियोजना मिलने से हमें आने वाले समय में भी अच्छी वृद्धि की उम्मीद है।' *भाषा*

# 'एआई की दुनिया में कमाऊ उत्पाद बनाना मुमकिन है'

शिवानी शिंदे और अजिंक्य कावले
मुंबई, 29 मई



थॉमस जेंग
स्टार्टअप प्रमुख, ओपनएआई

**मुंबई टेक वीक**

- एआई टूल्स को इंसानी प्रतिभा का सीधा विकल्प नहीं समझें कंपनियां : जेंग
- भारत में स्टार्टअप तंत्र का लाभ उठाना कंपनी के लिए देश में उसके मुख्य फोकस क्षेत्रों में से एक है
- ओपनएआई के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 2026 की शुरुआत से अब तक भारत में कोडेक्स के साप्ताहिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या में 27 गुना की वृद्धि हुई है

**ओपनएआई** में स्टार्टअप्स के प्रमुख थॉमस जेंग का मानना है कि अगर स्टार्टअप्स लंबी अवधि का दृष्टिकोण अपनाते हैं तो टोकन लागत में वृद्धि की चिंता उनके लिए बाधा नहीं बनेगी।

थॉमस जेंग ने कहा, 'हमने कई कंपनियों को बहुत मजबूत सकल मार्जिन हासिल करते देखा है, भले ही वे अपने मूल उत्पादों में एआई को शामिल कर रही हैं। यह पूरी तरह से संस्थापकों की सोच पर निर्भर करेगा कि वे अपने प्रोडक्ट को कैसे तैयार कर रहे हैं और उनकी बिजनेस रणनीति क्या है। एक मुनाफे वाला उत्पाद बनाना नामुमकिन नहीं है। हम कंपनियों के साथ जो भी काम करते हैं, उसमें उन्हें ज्यादा टिकाऊ आर्थिकी तक पहुंचने में मदद करना होता है।'

वह मुंबई टेक वीक (एमटीडब्ल्यू) के दौरान बिजनेस स्टैंडर्ड से बात कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनियों को एआई टूल्स को इंसानी प्रतिभा का सीधा विकल्प नहीं समझना चाहिए। जेंग ने कहा कि कोडेक्स जैसे एआई टूल उत्पादकता बढ़ाने वाले होते हैं, जिनकी मदद से इंजीनियर और डेवलपर तेजी से काम कर पाते हैं और बड़े बाजारों तक पहुंच बना लेते हैं। भारत में स्टार्टअप तंत्र का लाभ उठाना कंपनी के लिए देश में उसके मुख्य फोकस क्षेत्रों में से एक है। ओपनएआई के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 2026 की शुरुआत से अब तक भारत में कोडेक्स के साप्ताहिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या में 27 गुना की वृद्धि हुई है, जबकि अप्रैल के अंत तक दैनिक इंटरैक्शन में 20 गुना से भी अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

कोडेक्स को अपनाने के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष पांच देशों में और कोडेक्स के साथ जुड़ाव के संदर्भ में शीर्ष 10 देशों में बना हुआ है। आंकड़ा यह भी दिखाता है कि भारत में कोडेक्स की भूमिका का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। कोडेक्स के लिए आने वाले एक-चौथाई से ज्यादा अनुरोध नॉन-कोडिंग कामों के लिए होते हैं, जो पारंपरिक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट वर्कफ्लो से हटकर इसके बढ़ते इस्तेमाल को दिखाता है। लोग कोडेक्स का इस्तेमाल जानकारी को इकट्ठा करने, दस्तावेजों का ड्राफ्ट बनाने, रोजाना के रिसर्च कार्यों को ऑटोमेट करने और वर्कफ्लो व बातचीत को व्यवस्थित करने के लिए कर रहे हैं।

फरवरी में, ओपनएआई सिग्नल्स ने पाया कि भारत में कोडिंग के कार्यों के लिए कोडेक्स का इस्तेमाल वैश्विक औसत से लगभग 3 गुना अधिक था, जबकि कोडिंग से जुड़े सवाल वैश्विक औसत से लगभग 3 गुना ज्यादा थे।

# एरुडाइटस को उम्मीद, भारत करेगा राजस्व में 50% योगदान

उदिशा श्रीवास्तव
नई दिल्ली, 29 मई

**सिंगापुर** मुख्यालय वाले एड-टेक प्लेटफॉर्म एरुडाइटस को उम्मीद है कि अगले 5 वर्षों में भारत उसके कुल राजस्व में आधे से ज्यादा का योगदान देगा। कंपनी देश में विदेशी विश्वविद्यालयों से साझेदारी पर जोर दे रही है। अभी, भारत कंपनी के राजस्व में करीब 25 फीसदी का योगदान देता है। बिज़नेस स्टैंडर्ड से बात करते हुए कंपनी के सह-संस्थापक और सीईओ अश्विन दामेरा ने कहा कि कंपनी ने सात विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी की है और उन दोनों का संयुक्त उद्यम भारत में उनका मार्केट एंट्री पार्टनर होगा। इनमें यूएनएसडब्ल्यू सिडनी, यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल. यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल, यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क, यूनिवर्सिटी ऑफ अबरदीन, इलिनॉय टेक और विक्टोरिया यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

संयुक्त उद्यम के ढांचे के तहत विदेशी विश्वविद्यालयों के पास आम तौर पर 51 फीसदी हिस्सेदारी होगी जबकि एरुडाइटस के पास 49 फीसदी हिस्सेदारी होगी। दामेरा के अनुसार ये विश्वविद्यालय जहां अकादमिक देखेंगी (इसमें पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धति, फैकल्टी की भर्ती, दाखिले और शोध शामिल हैं), वहीं एरुडाइटस परिचालन, छात्रों के अनुभव, आवास, टेक्नॉलजी इंटीग्रेशन और कंपनी कामकाज का प्रबंधन करेगा।

उन्होंने कहा, हमने भारत में एक कंपनी के तौर पर शुरुआत की थी, लेकिन अब भारतीय स्कूलों पर ज्यादा ध्यान देने और साथ ही विदेशी कैंपस होने से मुझे लगता है कि भारत फिर से हमारे काम का बड़ा हिस्सा बन जाएगा। उन्होंने कहा, अभी भारत हमारी कमाई में लगभग 25 फीसदी का योगदान देता है। मुझे लगता है कि अगर आप 5 साल बाद यही सवाल पूछेंगे तो शायद यह आधा से भी ज्यादा होगा।

यूको बैंक UCO BANK
Honours Your Trust
(A Govt. of India Undertaking)
प्रधान कार्यालय – II,
सू.प्रौ.वि.- खरीद एवं अवसंरचना
3 और 4, डीडी ब्लॉक, सेक्टर-1, सॉल्ट लेक, कोलकाता – 700064

**निविदा की सूचना**

यूको बैंक Redhat JBoss लाइसेंस की खरीद के लिए ई-टेंडरिंग पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित करता है। अधिक विवरण के लिए कृपया **https://www.uco.bank.in** और **www.tenderwizard.com/UCOBANK** वेबसाइट पर देखें।

(उप-महाप्रबंधक)
दिनांक : 30.05.2026 सूचना प्रौद्योगिकी विभाग-खरीद एवं अवसंरचना

**पंजीकृत कार्यालय** : 410–412, 18/12, चतुर्थ तल, डब्ल्यू.ई.ए., आर्य समाज मार्ग, करोल बाग, नई दिल्ली – 110005,
**निगमित कार्यालय** : 716–717, 7वाँ तल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड टॉवर, सेक्टर 16, नोएडा, 201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष : 91 120 4290650/52/53/54/55,
**ईमेल** : info@cslfinance.in, Legal@cslfinance.in, **वेबसाइट** : www.cslfinance.in,
सीआईएन : L74899DL1992PLC051462

CSL Finance Limited

**अचल संपत्ति की सांकेतिक अधिग्रहण सूचना**
**[(परिशिष्ट IV) नियम 8(1)]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सीएसएल फाइनेंस लिमिटेड (यहाँ इसमें इसके उपराँत कंपनी के रूप में संदर्भित) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, यहां इसमें निम्न वर्णितानुसार ऋणकर्ता / सह–ऋणकर्ता / गारंटर को एक माँग सूचना निर्गत की थी, जिसमें उन्हें सूचना में अंकित राशि का, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के अंदर प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
ऋणकर्ता / सह–ऋणकर्ता / गारंटरगण निर्धारित माँगकृत बकाया राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा ऋणकर्ता / सह–ऋणकर्ता / गारंटरों को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने कंपनी की ओर से यहाँ इसमें निम्न विवरणित संपत्ति का, उक्त नियमावली के नियम 8(1) के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, सांकेतिक अधिग्रहण कर लिया है।
ऋणकर्ता(ओं) / सह–ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्ति का लेन–देन न करें तथा उक्त संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन–देन, यहाँ इसमें निम्न अंकिताानुसार एक राशि एवं इस राशि पर नियत भावी ब्याज हेतु, कंपनी के प्रथम प्रभाराधीन होगा।

| ऋणकर्ता / सह–ऋणकर्ता / गारंटर का नाम / ऋण सं. | माँग सूचना तिथि तथा राशि (रु. में) | सांकेतिक अधिग्रहण की तिथि |
|---|---|---|
| लैन : SMEPANLAPSLO000005000526<br>ऋणकर्ता : बलराज सिंह<br>सह–ऋणकर्ता/प्रतिभूति प्रदाता : सुखवर्षा<br>सह–ऋणकर्ता : विजय जांगड़ा<br>पता : सिरता रोड, पट्टी अफगान, वार्ड नंबर 31, गली नंबर 8, पट्टी अफगान, कैथल, हरियाणा 136027 | 22.01.2026<br>रु. 20,87,718/–<br>(रुपये बीस लाख सत्तासी हजार सात सौ अट्ठारह मात्र) तथा भविष्य का ब्याज, दांडिक ब्याज, लागतें एवं शुल्क | 29.05.2026 |

**प्रतिभूत परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण** : 100 वर्ग गज या 3.33 मरला माप वाली संपत्ति/भूमि, जो 23 कनाल 6 मरला माप वाली भूमि में से 3.33/466वां हिस्सा है, जो खेवट संख्या 292 (नवीनतम जमाबंदी के अनुसार खेवट संख्या 308), खतौनी संख्या 339 (नवीनतम जमाबंदी के अनुसार 354), रेक्ट. संख्या 190, किला संख्या 4/1(3–11), 6/2(4–7), 7(8–0), 8(7–8) के अंतर्गत 4 कित्ता में समाविष्ट है, जो पट्टी अफगान, नगर परिषद की सीमा के भीतर, सिरता रोड, तहसील तथा जिला कैथल में स्थित है। **संपत्ति की सीमाएं तथा आयाम इस प्रकार हैं :– स्वामित्व दस्तावेजों के अनुसार : उत्तर** : अन्य की संपत्ति, **दक्षिण** : 12′ चौड़ी सड़क गली, **पूर्व** : अन्य की संपत्ति, **पश्चिम** : अन्य की संपत्ति। **वास्तविक/तकनीकी मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार : उत्तर** : श्री बिंदर का प्लॉट, 27′6″, **दक्षिण** : 12′ चौड़ी गली, 27′6″, पूर्व : अन्य का प्लॉट, 33′0″, **पश्चिम** : श्री लाला पाला राम का प्लॉट, 33′0″

दिनांक : 29–05–2026 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी,
स्थान : कैथल (हरियाणा) सीएसएल फाइनेंस लिमिटेड

**रायदीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः सी–193 ए, फेज VI, फोकल प्वाइंट, लुधियाना पंजाब–141010,
फोन नं.: +91–161–2676893, 9814973250, वेबसाइटः www.raideepindustries.com,
ईमेल आईडीः raitex3@gmail.com, सीआईएनः L18101PB1995PLC017415

**31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए समेकित लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश (सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 का विनियमन 47(1)(बी))**

(ईपीएस को छोड़कर राशि लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2026 (लेखापरीक्षित) | 31.12.2025 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) | 31.03.2026 (लेखापरीक्षित) | 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय | 1683.37 | 426.31 | 1174.68 | 3775.24 | 2290.05 |
| अन्य आय | 268.40 | 11.72 | 2.66 | 307.45 | 53.71 |
| अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 271.27 | 4.38 | 9.38 | 293.66 | 26.34 |
| कर पूर्व अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 271.27 | 4.38 | 9.38 | 293.66 | 26.34 |
| कर पश्चात अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 231.47 | 2.15 | 8.82 | 247.83 | 21.52 |
| इक्विटी विधि के उपयोग के कारण एसोसिएट्स तथा संयुक्त उपक्रमों के निवल लाभ का हिस्सा | 41.62 | 27.38 | 18.71 | 142.08 | 91.58 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात)] | 273.09 | 29.53 | 27.53 | 389.91 | 113.11 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 550.80 | 550.80 | 550.80 | 550.80 | 550.80 |
| आरक्षितियां (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों को छोड़कर) जैसा कि गत वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन पत्र में प्रदर्शित है | - | - | - | - | |
| आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रत्येक के) सतत तथा असतत प्रचालनों हेतु- | | | | | |
| 1. बेसिक | 4.95 | 0.54 | 0.49 | 7.07 | 2.02 |
| 2. डाइल्यूटेड | 4.95 | 0.54 | 0.49 | 7.07 | 2.02 |

टिप्पणी :
1. 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है:
(राशि लाख में)

| विवरण | 31.03.2026 (तिमाही) | 31.03.2026 (वार्षिक) |
|---|---|---|
| टर्नओवर | 1683.37 | 3775.24 |
| कर पूर्व लाभ | 271.26 | 293.65 |
| कर पश्चात लाभ | 231.46 | 247.82 |

2. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.raideepindustries.com पर उपलब्ध है।

रायदीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
हस्ता./–
राय साहिब
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 01582498
दिनांकः 28.05.2026
स्थानः लुधियाना


# दिल्ली उच्च न्यायालय से पर्नो को झटका, याचिका खारिज

भाविनी मिश्रा
नई दिल्ली, 29 मई

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को फ्रांस की दिग्गज शराब कंपनी पर्नो रिकार्ड की याचिका खारिज कर दी। याचिका में कंपनी ने दिल्ली सरकार द्वारा उसे एल-1 थोक शराब लाइसेंस देने से इनकार करने के फैसले को चुनौती दी थी। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि आपराधिक कार्यवाही लंबित होने के कारण कंपनी उत्पाद शुल्क नियमों के तहत लाइसेंस के लिए अपात्र है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने यह आदेश दिया। अभी विस्तृत फैसला आना बाकी है।

पर्नो रिकार्ड के पास एब्सोलूट, शिवास रिगाल और ग्लेनलिवेट जैसे मशहूर ब्रांड हैं। पर्नो रिकार्ड ने दिल्ली आबकारी विभाग के आदेश के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया था। इस आदेश में कंपनी के एल-1 थोक लाइसेंस के आवेदनों को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि कंपनी कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुकदमों का सामना कर रही है।

कंपनी ने तर्क दिया कि अधिकारियों ने बिना सोचे-समझे केवल लंबित कार्यवाहियों पर भरोसा किया और वित्त आयुक्त के मार्च 2025 के उस आदेश को नजरअंदाज कर दिया, जिसमें उत्पाद शुल्क विभाग को लाइसेंस के आवेदन पर फिर से विचार करने का निर्देश दिया गया था।



लाइसेंस देने से इनकार किए जाने के फैसले को अदालत ने सही ठहराया

उस आदेश में यह पाया गया था कि किसी कंपनी को केवल इसलिए लाइसेंस देने से मना नहीं किया जा सकता, क्योंकि उसके खिलाफ कोई जांच या कानूनी कार्रवाई लंबित है।

हालांकि उत्पाद शुल्क विभाग ने कहा कि ईडी की अभियोजन कार्यवाही और कंपनी के खिलाफ लगाए गए आरोप दिल्ली उत्पाद शुल्क नियमों के तहत उसे अपात्र बनाते हैं।

**चंडीगढ़ संस्करण** : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा सी/ओ आइडिया को वर्किंग, तृतीय तल, एस.सी.ओ 32, 33, 34 सेक्टर-17-सी, चंडीगढ़-160017 से प्रकाशित एवं तन्मय महेश्वरी, इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं.-22, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, पंचकूला-134115, हरियाणा से मुद्रित
संपादक : कैलाश नौटियाल, पीआरजीआई रजिस्ट्रेशन नं. CHAHIN/2008/24509 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
स्वामित्व : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें - सुश्री मानसी सिंह, हेड-कस्टमर रिलेशन्स। बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल : subs_bs@bsmail.in या 57575 पर REACHBS एसएमएस करें। कोई हवाई अधिभार नहीं

**IIFL FINANCE**

**CIN: L67100MH1995PLC093797**
**Regd. Office:** IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

## PUBLIC NOTICE FOR AUCTION OF GOLD ORNAMENTS

It is hereby notified to all concerned borrower(s) in specific and the public, in general, that we, IIFL Finance Limited ("**IIFL**") are auctioning gold ornaments of defaulted customers who neither regularized their loans nor paid the outstanding amount despite being informed through registered auction notices and repeated reminders. Public auction of the gold ornaments pledged in the following loan accounts will be conducted on **30.06.2026** from **10 AM** at following district Centre **FATEHGARH SAHIB-JASSAR COMPLEX GL - IIFL FINANCE, JASSAR COMPLEX, ABOVE KOTAK MAHINDRA BANK, BASSI SIRHIND-ROAD,NEAR JYOTI SARUP GURUDWARA TURN,FATEHGARH SAHIB,PUNJAB-140406.** Any change in venue or date (if any) will be displayed at the auction center. If for any reason the auction cannot be held on the date mentioned here in or the auction does not get completed on the same day, IIFL reserves the right to conduct or proceed with the said auction on any subsequent date with same terms and conditions. If the customer is deceased, then all the conditions pertaining to auction will be applicable to nominee/legal heir.

**Gold Loan A/C No**.: GL31261215, GL31277601, GL36635196, GL37034776, GL37102891, GL38256441, GL38821673, GL38835242, GL38858404, GL39189930, GL39211539, GL40612357, GL41409378, GL42336126, GL42695456, GL42808644, GL42992085, GL43303747, GL43705251, GL45724488, GL47276177, GL48155793.

The Auction shall be conducted on "AS IS WHERE IS", "AS IS WHAT IS" and "WHATEVER THERE IS"basis and IIFL does not make any representation or warranties regards quality, purity, caratage, weight or valuation of the said gold ornaments. IIFL, at its absolute sole discretion, may either postpone or remove, any of accounts from auction list and any proceedings without prior notice and without assigning any reason therefor and to reject any or all the bids or offers without assigning any reason for the same. Details of defaulting borrower(s) pledged ornaments and other details have been displayed at the respective branch. The defaulter borrower(s) have an option to repay the entire dues including up to date interest and all applicable charges and close or regularize their loan account even after publication of this notice but in any case, till the date of auction, failing which the pledged gold ornaments will be sold and balance dues (if any) will be recovered with interest and costs. However, the defaulter loans which are closed or regularized on or after this publication, will have to bear the proportionate publication charge. Borrowers are requested to submit/update their latest bank account details to enable timely refund of excess auction proceeds, if any.

**For detailed information, terms and conditions, contact the concerned branch office of IIFL Finance Limited.**

Sd/
**Place: FATEHGARH SAHIB** **AUTHORISED SIGNATORY**
**Date: 30.05.2026** **IIFL FINANCE LIMITED**

---

# POSSESSION NOTICE

Whereas, the undersigned being the Authorized Officer of Asset Reconstruction Company (India) Limited acting under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 (54 of 2002) ("said Act") and in exercise of powers conferred under Section 13 (12) of the said Act read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 ("said Rules") issued a demand notice, calling upon the borrower(s),the guarantors and the mortgagors to repay the amount, details of which are mentioned in the table below:

The borrower/guarantor(s)/mortgagor(s) having failed to repay the said amounts, notice is hereby given to the borrower/guarantor(s)/mortgagor(s) in particular and the public in general that the undersigned has taken physical possession of the underlying Immovable Property described herein below in exercise of powers conferred on him/her under Sub-Section (4) of Section 13 of the said Act read with Rule 8 of the said Rules on "AS IS WHERE IS & WHATEVER THERE IS BASIS" on the date mentioned below.

| Borrower Name and Guarantors; & LAN | LAN No. / Trust Name / Bank Name | Demand Notice | Possession Date / Possession type |
|---|---|---|---|
| Borrower: Harsh Bala Jain & Ajay Jain | 13600001487/ Arcil-Trust-2025-008 / Piramal Finance | Rs. 45,91,963/-(Rupees Forty Five Lakh Ninety One Thousand Nine Hundred Sixty Three Only) as on 30-Nov-2022 along with future interest at the contractual rate on the aforesaid amount with effect from 01-Dec-2022 together with incidental expenses, cost, charges etc. **Notice dated: 27-Dec-2022** | 26-05-2026 / Symbolic Possession |

**Description of Property:** All The Piece and Parcel of the Property Bearing Property No. B-3-941, Shop Cum factory, Near Mohan Lal Mandir, Purana Bazaar, Ludhiana. As Per Sale Deed of Bearing Vasika No. 5840 of Dated 17-06-2008 In the Name of Harsh Bala Jain W/o Late Chakar Pal Jain. Which Is Bounded as Under:East :- Street 32'00" West:- Trust Building- 29'00" North:- Mr. Shanti Saroop Bhalla & Hansraj- 37'00" South:- Gali- 38'00".Hereinafter referred to as **"Immovable Property"**

The borrower/guarantor(s)/mortgagor(s) in particular and the public in general are hereby cautioned that Arcilis in lawful possession of the Immovable Property mentioned above and under Section 13(13) of the SARFAESI Act, 2002, the borrower/ guarantor(s)/mortgagor(s) or any person whatsoever, shall after receipt of this notice not transfer by way of sale, lease or otherwise deal with/ alienate the Immovable Property, without prior written consent of Arcil and any dealings with the Immovable Property will be subject to the charge of Arcil for the amount as mentioned above along with future interest at the contractual rate on the aforesaid amount together with incidental expenses, cost, charges etc.

The borrowers'/guarantors'/mortgagors' attention is invited to the provisions of the Sub-Section (8) of Section 13 of the said Act, in respect of time available to redeem the above-mentioned Immovable Property.

**Place: Ludhiana** **Sd/- Authorised Officer**
**Date: 30.05.2026** **Asset Reconstruction Company (India) Ltd.**

Arcil Premier ARC
**Asset Reconstruction Company (India) Ltd.,**
**CIN : U65999MH2002PLC134884, Website : www.arcil.co.in**
**Registered Office:** The Ruby, 10th Floor, 29 Senapati Bapat Marg, Dadar (West), Mumbai - 400 028 Tel: +91 22 66581300
**Branch Address:** Office No.404,4th Flr, Apra Tower SCO-130-132, Near Basant Restr. Feroze Gandhi Market Ludhiana - 141 001, Punjab, Tel: -0161 4567603

---

# PUBLIC NOTICE

On behalf of my client Rajindrakumar S/o. Rameshwardas, having office at shop No.5, Ganesh Heights, Near Laxmi Nivas, Narol, Ahmedabad, Gujarat, India Notice is hereby given to the public that a bag of my client is/was lost / misplaced papers including a copy of the original Sale Deed No.1066 of 1978 Land Old Serve n.b/4/89/3 Total land 0.13 2/16 cents Land of Coonoor, Dist. Nilgiri, Tamilnadu he had already lodged a complaint at Har Samay Citizen portal At Haryana Police on 22/05/2026 by file size (bytes) 149504..All persons are hereby informed not to deal or carry out any transactions with anyone on the basis of the said missing documents. **Ahmedabad, Date:-22/05/2026**

**Mahesh N. Nathani, Advocate**
407, BBC Market, Panchkuva, Ahmedabad.

---

# IDFC FIRST Bank Limited

**(erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC FIRST Bank Limited)**
**CIN : L65110TN2014PLC097792**
**Registered Office: -** KRM Towers, 8th Floor, Harrington Road, Chetpet, Chennai- 600031.
Tel : +91 44 4564 4000 | Fax: +91 44 4564 4022

**Notice under Section 13 (2) of the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002**

The following borrowers and co-borrowers availed the below mentioned secured loans from **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC FIRST Bank Limited)** The loans of the below-mentioned borrowers and co- borrowers have been secured by the mortgage of their respective properties. As they have failed to adhere to the terms and conditions of the respective loan agreements and had become irregular, their loan were classified as NPA as per the RBI guidelines. Amounts due by them to **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC FIRST Bank Limited)** are mentioned as per respective notices issued more particularly described in the following table and further interest on the said amounts shall also be applicable and the same will be charged as per contractual rate with effect from their respective dates.

| Sr No. | Loan Account No. | Type of Loan | Section 13 (2) Notice Date | Outstanding amount as per Section 13 (2) Notice |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12083658 | Home Finance HL | 20-May-2026 | 8,38,351.49/- |

**NAME OF BORROWERS AND CO-BORROWERS :** 1. LALIT KISHOR DAGER 2. GAYATRI DEVI

**PROPERTY ADDRESS :** ALL THAT PIECE AND PARCEL OF PLOT NO. 18, MEASURING 61.66 SQ. YDS. COMPRISED IN KHASRA NO. 38//13, 14/1, 17/2/2,18/1, KHATA NO. 10/12, AS PER JAMABANDI YEAR 2006-07, SITUATED IN THE VILLAGE KULIEWAL, HADBAST NO. 178, LOCALITY: B K ESTATE, TEHSIL & DISTRICT LUDHIANA, PUNJAB-141001, VASIKA NO. 10196 DATED 09.01.1996, AND B**OUNDED BY: EAST: NEIGHBOR, 37'0", WEST: EIGHBOR, 37'0", NORTH: NEIGHBOR, 15'0", SOUTH: STREET, 18' WIDTH MEASURING 15'**

You are hereby called upon to pay the amounts to **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC FIRST Bank Limited)** as per the details shown in the above table with contracted rate of interest thereupon from their respective dates and other costs, charges etc. within 60 days from the date of this publication, failing which the undersigned shall be constrained to initiate proceedings, under Section 13 (4) and section 14 of the SARFAESI Act, against the mortgaged properties mentioned hereinabove to realize the amount due to **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC FIRST Bank Limited).** Further you are prohibited under Section 13 (13) of the said Act from transferring the said secured assets either by way of sale/lease or otherwise.

**Sd/- Authorized Officer**
**Date : 30.05.2026** **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with**
**Place : LUDHIANA** **IDFC Bank Limited and presently known as IDFC FIRST Bank Limited)**

---

**IIFL FINANCE**

**CIN: L67100MH1995PLC093797**
